संकट में शेरावाली की सकलाई देखि है भजन लिरिक्स

संकट में शेरावाली की,
सकलाई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि हैं।bd।

तर्ज – दिल दीवाने का डोला।

कोई राह नज़र ना आए,
जब छाए गम के बादल,
सर पे महसूस किया है,
मैंने मैया का आँचल,
माँ की चुनड़ी मेरे सर पे,
माँ की चुनड़ी मेरे सर पे,
लहराई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि हैं।bd।

ये है तक़दीर हमारी,
जो तेरी शरण मिली है,
क़िस्मत से हम भक्तो की,
मैया तू कुलदेवी है,
मेरे सुख में दु:ख में हरदम,
मेरे सुख में दु:ख में हरदम,
माँ आई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि हैं।bd।

तूने तो दिया है मैया,
मुझको औकात से बढ़कर,
'सौरभ मधुकर' की तूने,
रख दी तक़दीर बदलकर,
हमने माँ के दरबार की,
हमने माँ के दरबार की,
सच्चाई देखि है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के देखने के लिए Bhajan Diary App प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि हैं।bd।

संकट में शेरावाली की,
सकलाई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि है,
मेरे संग संग चलती,
मैया की परछाई देखि हैं।bd।

Singer – Aman / Shivam

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com